[श्री अनंतराम देशमुख दबे]

पार्लियामेंट, जुडिशियरी और ऐक्जीक्यूटिव जो मेन फंक्शनरी हैं, आप सिविल कोर्ट से जुरिस्डिक्शन क्यों ले रहे हैं ? मैं चाहता हूं कि कोई भी ऐक्सपोर्टर या इंपोर्टर हो यदि ब्यूरोक्रेट्स उनसे नाराज हो जाएंगे तो उनके पास क्या उपाय रह जाता है ? आप सारी स्पेशल पावर्स अपने पास ही रख रहे हैं । जुडिशियरी को कोई पावर तो दीजिए । मान लीजिए कोई ऐक्सपोर्टर या इंपोर्टर अपील करना चाहता है तो सिविल कोर्ट के पास कोई पावर नहीं है तो हाई कोर्ट की बजाय आप सिविल कोर्ट में बह जा सके, ऐसा रूल्स में प्रावधान कीजिए ।

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच० हनुमनतप्पा) उसका जवाब तो दे दिया ।

'The amendment {No. 4) *was, by leave, with drwan.*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): The question is: *That clause* 15 *stand part oj the Bill. The motion was adopted.*

Clause 15 *was added to the Bill.*
Clauses 16 *to* 20 *were added to the Bill.*
Clause 1, *the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

SHRI P. J. KURIEN: Sir, I beg to move:

That the Bill be passed.

The.question was put and the motion was adopted.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): The House stands adjourned for one hour for lunch.

The House then adjourned for lunch at five minutes past two of the clock.

. The House reassembled after lunch at five minutes past three of the clock, THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY) in the 'Chair.

THE PLANTATIONS LABOUR (AMENDMENT) BILL, 1992

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF LABOUR (SHRI PABAN SINGH GHATOWAR): Mr. Vice-Chairman, Sir, I beg to move:

"That the Bill further to amend the Plantations Labour Act, 1951, be taken into consideration."

The Bill *inter alia* seeks to provide better welfare facilities, safety provisions to plantation workers and deterrent penal provisions for non-implementation of the welfare provisions of the Plantations Labour Act, 1951.

As hon. Members are aware, the Plantations Labour Act, 1951, whcih provides for the welfare of plantation labour and regulates the conditions of work in plantations was last amended in 1981 with a view to removing certain difficulties that were experienced in its working and for enlarging its scope.

After the aforesaid amendment, we received a number of suggestions from different State Governments for further amendment of the Plantations Labour Act, 1951. The difficultes in proper implementation of the welfare provisions of the Plantations Labour Act, 1951, were considered by the reconstituted Tripartite Industrial Committee on Plantation n March, 1983i which felt that the Act should be reviewed to ensure better medical facilities, hous ing facilities, protective clothing etc., as well as adequate safeguard against the use of toxic chemicals which are being increasingly used in plantations.

In the light of the recommendations o the Tripartite Industrial Committee or Plantations and the provisions made it the Chlid Labour (Prohibition & Regula tion) Act, 1986, we have brought forwan this Bill The major proposals in thr Amendment Bill include making provi sions relating to safety of workers am occupational health problems arising ou of work in plantations, prescribing tim limits within which garden hospitals *am* group hospitals should be establishec amendment of definition of 'Family't also include dependants of female wot

kers amendment of the definition of 'Workers' to include contract workers. The Bill also seeks to amend the definition of 'Employer' to include directors, partners, etc., including Government officers appointed to manage the affairs of plantation in order to pin-point the responsibility for any lapse in implementation of the Act and also make penal provisions more deterrent for the non-implementation of the provisions of the Act.

I hope the hon. Members would welcome the Bill. With these words, I commend the Bill for consideration of the House.

The question was proposed.

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, 1951 में यह विधेयक अस्तित्व में आया था और 1954 से इसका कार्यान्वयन आरम्भ हुआ। लगभग 40 वर्षों के अन्तराल में, विभिन्न क्षेत्रों में, हर दिशा में, हमारे राष्ट्र में बड़े-बड़े क्रांतिकारी परिवर्तन हुए और संबंधित विधेयकों और कानूनों में उसी प्रकार से आवश्यकता और समय के अनुसार संशोधन किया गया । आप जानते हैं कि हमारे देश का बहुत बड़ा भाग पठारी और पहाड़ी है । आम तौर से इस पठारी और पहाड़ी भाग पर दलहन, तिलहन या अनाज की फसल बहुत कम मात्रा में या न के बराबर या अधिक मात्रा में उगाई नहीं जा सकती है और केवल अनाज, तेल या दालों से ही इंसान न तो अपना पेट भर सकता है और न ही अपनी अन्य आवश्यकतायें पूरी कर सकता है । इसके अलावा मनुष्य को ईंधन की भी आवश्यकता होती है, फलों की भी आवश्यकता होती है, तारपीन की भी आवश्यकता होती है और पैरोजा की भी आवश्यकता होती है । इसके अलावा पशुओं के लिए चारे की भी आवश्यकता होती है । देहातों में काम की भी आवश्यकता है, उद्योगों की आवश्यकता है, पानी के जलाशय बचे रहें, उनमें कटाव न पैदा हो, पानी अधिक बरसे, यह भी आवश्यकता है । इसलिए जितनी हमारे देश में खेती की आवश्यकता है, जलाशयों की आवश्यकता है उतनी ही बागानों की भी आवश्यकता है और इस प्रकार की भूमि जो पहाड़ी और पटारी है या जो बंजर या बीहड़ होती चली जा रही है, इसमें आसानी से बागानों का रोपण किया जा सकता है, बगान लगाये जा सकते हैं । यदि बड़ी मात्रा में बगान लगाये जायें तो गांवों में लोगों को रोजगार मिलेगा, गांवों में उद्योग लगेंगे और जैसा मैंने पहले कहा, जलाशयों का कटाव भी बचेगा और पानी के जितने भी संसाधन हैं, वे सुरक्षित रहेंगे । इस आवश्यकता को आज से डेढ़ सौ वर्ष पहले तत्कालीन ब्रिटिश साम्राज्यवादियों ने भी जब उनकी हमारे देश में सरकार थी महसूस किया था और डेढ़ सौ वर्ष पहले उत्तर प्रदेश की कुमाऊं पहाड़ियों में चाय उगाने के लिये चीन से लोगों को आमंत्रित किया था और इस प्रकार से आमंत्रित करके केवल अस्थायी रूप से भारत में नहीं बुलाया था बल्कि यहां पर स्थायी रूप से आवास करने के लिये बुलाया था । उस समय बड़ी संख्या में चाय कुमाऊं की पहाड़ियों में उगाई गई । लेकिन आज उसका लोप हो गया है ।

दूसरी ओर हम देखते हैं कि 1943–44 में नदियों के किनारे, बड़ी ऊबड़ खाबड़ जमीन हैं जिनको हमारी भाषा में बीहड़ बोलते हैं। अगर आपको कभी इतफाक हुआ हो रेलगाड़ी से सफर करने का तो धौलपुर से ग्वालियर तक तो रास्ते से चम्बल नदी के किनारे जो ऊंचे-ऊंचे टीले हैं उनको बीहड़ बोलते हैं, वे बीहड़ 1943–44 में जितने थे वे और अन्य बीहड़ अब करीब 40 परसेंट हमारे देश में बढ़ गये हैं । और इसमें जो खेती के लायक जमीन थी वह नष्ट हो गयी है । इन बीहड़ों को बागानों के रूप में इस्तेमाल करके उपयोगी बनाया जा सकता है । मान्यवर, इस तरफ हमारी सरकार को ध्यान देना चाहिये और वहां बागान लगाये जाने चाहिये ।

श्री चतुरानन मिश्र (बिहार) : चम्बल घाटी के बारे में तो आप अच्छी तरह से जानते हैं ।

श्री संघ प्रिय गौतम : वहां हम डकैतों से लड़ रहे हैं जिनको आपने पैदा किया है । . . (व्यवधान) . . :

But that was in previous times. It is aot a problem of this day..

[श्री संघ प्रिय गौतम]

तो सर, मैं निवेदन कर रहा था कि बागान जितने भी लगे थे उन्हें जिंदा रखना चाहिये था, सर-सब्ज रखना चाहिये था और लोगों को बागान लगाने के लिये प्रेरित करना चहिये था। लेकिन हो गया उल्टा । जितने भी हमारे बागान थे वे उजड़ रहे हैं और नये बागान लगाने की प्रवृत्ति समाप्त हो रही है। जैस कि मैंने अभी कुमाऊं का उदाहरण दिया, इसका मुख्य कारण रहा श्रमिकों की बुरी तरह से शोषण। बागान में जो मजदूर काम करते थे, उनकी तरफ बागान के मालिकों ने इंसानियत की निगाह से नहीं देखा । उनके लिये पानी की व्यवस्था होती, उनके बच्चों के लिये शिक्षा की व्यवस्था होती, उनको पूरी मजदूरी मिलती और अगर उनके स्वास्थ्य की रक्षा की अच्छी व्यवस्था होती तो वह तंदुरस्त रहते और वे उन बागानों में रूचि लेकर काम करते और उनको छोड़कर नही जाते। इससे बागान उजड़ते नहीं और नये बागान लगते और इस तरह का माहोल सारे देश में पैदा होता । मान्यवर, यह विधेयक जो 1951 का है, इसका संशोधन बहुत पहले हो जाना चाहिये था । आज यह बड़े विलंब से संशोधन किया जा रहा है, जब कि इसकी बहुत बड़ी सजा हमारे मुल्क को मिल चुकी है । मान्यवर, इस समय बागान लगाना बहुत जरूरी हो गया है क्योंकि बहुत बड़ी तादाद में जंगलों का कटाव हो रहा है और जंगल उजड़ रहे हैं । एक तरफ यह हो रहा है और दूसरी तरफ जमीन को खेती के लायक नहीं बनाया जा रहा है। बार बार इस तरफ सरकार का ध्यान दिलाया जाता है । मान्यवर, मैंने अनेकों बार इसी सदन में यह प्रश्न उठाया है कि जो जमीन खेती के लायक पड़ी हुई है उसको उपजाऊ क्यों नहीं बनाया जा रहा है' । उसमें खाद डालकर, उसमें पानी देकर उस पर खेती करायी जाय ताकि देश का उत्पादन भी बढ़े और खाद्य के मामले में देश आत्मनिर्भर हो जाय और लोगों को रोजगार भी मिल जाय । लेकिन इसकी तरफ सरकार का कोई ध्यान ही नहीं गया । मान्यवर, इस जमीन का उपयोग बागान के रूप में किया जा सकता है । अब यह बहुत आवश्यक हो गया । मान्यवर, हमारे देश की उपज उस तरह से नहीं बढ़ रही है जिस तरह दूसरे देशों की उपज बढ़ रही है । मुझे यह पढ़कर बड़ी हैरानगी हुई कि चीन में तीन करोड़ हैक्टेयर भूमि में 16 करोड़ टन चावल पैदा होता है जब कि हमारे यहां 4 करोड़ हैक्टेयर भूमि में केवल 6 करोड़ टन चावल पैदा होता है। हम कितने पीछे हैं इस मामले में ? मान्यवर, हमारे यहां जो जंगल है उनके बारे में बताया गया है कि 7 करोड़ 43 लाख हैक्टेयर जमीन में वन हैं जोकि पूरी भूमि का 22.7 प्रतिशत है। [उपसभाध्यक्ष (श्री गणेश देसाई) पीठासीन हुए] लेकिन सरकारी आंकड़े कहते हैं कि जो हैलीकाप्टर से सर्वे किया गया तो कुल 12 प्रतिशत ही वन पाये गये । तो मान्यवर, जब वन बहुत कम हैं और वनों में कटाव है तो फिर इसका विकल्प बागों के अलावा कुछ नहीं । यह कोई जरूरी नहीं है कि चाय और काफी के ही बाग हों, बाग जैसे मैंने बताया चीड़ के भी हो सकते हैं, हमें तारपीन चाहिये लकड़ी चाहिये । कागज बनाने के लिए भी हमें मेटिरियल चाहिए । हम कागज भी बाहर से मंगाते हैं। हमारे यहां कागज प्रति व्यक्ति जितना बंटवारे में आता है, अमरीका और इंग्लैंड में उसका सौ गुना, डेढ़ सौ गुना कागज प्रत्येक व्यक्ति के बंटवारे में आता है । आज हम कागज में भी आत्म निर्भर नहीं हैं । इस कागज के लिए बागानों से कच्चा माल प्राप्त हो सकेगा। जैसे यूकेलिप्टस से हमें ईंधन भी प्राप्त होता है और उसकी छाल से हम कागज भी बना लेते हैं । बागान केवल चाय या काफी के ही नहीं, फलों के बागान भी लगाए जा सकते हैं । फल भी अपने में आहार है, बहुत बड़ा भोजन है और पोष्टिक भोजन है, जिसकी हमें आवश्यकता है । इसलिए जहां इसके उद्देश्य बताए गए हैं, उनमें संशोधन करके य भी शामिल किया जाना चाहिए था कि हम श्रमिकों को सुरक्षा देना चाहते हैं, सुविधायें देना चाहते हैं ताकि वे जिन्दा रहे और बागान मालिकों में नये बागान

लगाने की रुचि पैदा हो। यह इस बिल के ओब्जेक्ट्स में जोड़ा जाना चाहिए था क्योंकि यह मामला एक दूसरे से जुड़ा हुआ है। इसलिए मान्यवर, मैं निवेदन करूंगा कि मंत्री जी ओब्जेक्ट्स में इन बातों को भी जोड़ें। यह बताया गया कि 1991 में केन्द्रीय सरकार ने केवल उत्तर प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में चाय के बागानों के लिए 9 अरब, 9 करोड़ रुपए की मंजूरी दी थी। 25 जिलों में 50 हजार हेक्टयर भूमि में चाय के बागान लगाने थे। मैं यह जानना चाहता हूं कि इस दिशा में क्या प्रगति हुई है? विधेयक में संशोधन लाने से क्या चाय के बागान लग जायेंगे? जब बागान नहीं होंगे तो विधेयक किस के लिए होगा? बागान के लिए ही तो विधेयक है तो बागान लगे या नहीं लगे और यदि नहीं लगे तो क्यों नहीं लगे? यह मेरा कष्ट है। श्रमिकों का शोषण न हो और उनको पूरी सुविधायें मिलें। लेकिन मुझे कष्ट यह भी है कि बागान भी युद्ध स्तर पर लगें। मैं मंत्री महोदय से पूछना चाहूंगा कि कितने बागान अब तक लगाए गए हैं? मुझे पता चला है कि केवल नैनीताल जिले में तीन नर्सरीज काम कर रही है और छोटे-छोटे चाय के बागान चार जगहों पर लगाए हैं जबकि ब्रिटिश पीरियड में सारे कुमाऊं से चाय बाहर भेजी जाती थी और सब से बढ़िया चाय होती थी। मंत्री जी ने कहा कि श्रमिकों की सुरक्षा की आवश्यकता है क्योंकि आजकल खेती में रसायन और कीट नाशक दवायें ज्यादातर इस्तेमाल होने लगी हैं। जब श्रमिक इन दवाओं का इस्तेमाल या छिड़काव करते हैं तो जानकारी के अभाव में इन दवाओं का कुप्रभाव उनके स्वास्थ्य पर पड़ता है। इसलिए आपने कहा कि उनको सुविधायें देंगे, अस्पताल भी बनवायेंगे। विधेयक में यह कहा गया है कि जो अपने बागान का रजिस्ट्रेशन करवायेंगे दो साल के बाद उनको एक अस्पताल बनवाना पड़ेगा, तीन साल के बाद एक दूसरी किस्म का अस्पताल बनवाना पड़ेगा लेकिन मंत्री जी, इसमें यह नहीं कहा गया है कि दो साल के अन्दर उसे स्कूल भी बनवाना पड़ेगा, दो साल के अन्दर पीने के पानी की भी व्यवस्था करनी पड़ेगी, ट्यूबवेल लगा कर पानी के टैंक बना कर पाइप भी बिछाने होंगे। इसमें यह नहीं कहा गया है कि जो स्थायी रूप से वहां रहेंगे उनके रहने के लिए मकान भी बनाने होंगे। यदि उनको दूध की जरूरत हो तो गाय भैंस रखने के लिए उन मकानों में स्थान भी उपलब्ध होंगे और आगे सेहन भी होंगे, किचन गार्डन भी होंगे जिसमें वह सब्जी भी उगा लें अन्यथा वे सब्जी कहां से लायेंगे क्योंकि वह तो चाय के बाग में काम करेंगे। इसमें यह नहीं कहा गया है। जब यह नहीं कहा गया तो क्या अस्पताल खोलने से श्रमिकों की सारी समस्याओं का समाधान हो जाएगा? नहीं होगा। दवा के साथ रोटी, दवा के साथ सब्जी, दवा के साथ खुला मकान, दवा के साथ दूध, दवा के साथ शिक्षा, भी अति आवश्यक है। इसलिए इनके बारे में कोई समयबद्ध योजना, कोई समयबद्ध कार्यक्रम की बात मंत्री जी ने नहीं कही। यह भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। अगर यह नहीं होता तो श्रमिकों का हित कहां रहा, केवल घड़ियाली आंसू होंगे, जैसे पहले से आप औपचारिकता पूरी करते आए हैं। ये भी इसमें मैन्डट्री बनायें। जैसे मैं उदाहरण देता हूं, हमारे यहां, बुलंदशहर जनपद में जहां का मैं रहने वाला हूं, नरोरा एटामिक पावर प्लांट बना। प्लांट की पूरी इकाइयां आज भी चालू नहीं हुई हैं, शायद 10 साल बाद चालू होंगी लेकिन कर्मचारियों और अधिकारियों की कालोनी, दवाखाना, स्कूल, पेयजल की सुविधा ये सब दस साल पहले ही बन गये जब कि संयंत्र लगा भी नहीं था। जब इन अधिकारियों के लिए अनेकों सुविधायें हैं, संयंत्र के निर्माण के पहले ही यह व्यवस्था हो जाती है तो यह श्रमिक जो इस देश की धरती का सीना चीरकर हम लोगों की उदरपूर्ति करते हैं, अपने जीवन के साथ खिलवाड़ करते हैं, इनके लिए यह चीजें शुरू में ही क्यों नहीं सुनिश्चित की जाती हैं। इसलिए, मान्यवर, मंत्री महोदय से इस बात के आश्वासन की इच्छा और आशा रखते हुए कि दोबारा इसमें संशोधन की आवश्यकता न पड़े, आप नियमों के द्वारा या किसी अन्य तरीके से इन सारी व्यवस्थाओं को

[श्री संघ प्रिय गौतम]

भी सुनिश्चित करेंगे, कि इम्प्लायर उनको पैसा तो पूरा देगा ही, ठेकेदार भी पैसा देगा, सब चीजें होंगी लेकिन ये उपयोगी वस्तुयें और आवश्यकतायें हैं ये भी सुनिश्चित होंगी । इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपके इस विधेयक का समर्थन करता हूं । धन्यवाद ।

*SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): Mr. Vice-Chairman, Sir, Hon'ble Minister for Labour Shri Sangma has brought the Plantation Labour (Amendment) Bill for discussion here keeping in mind the welfare of the Plantation workers. At this point of time, it is worthwhile to do some retrospection and see how well the original Act was implemented. This Act was originally passed by the Parliament in 1951. But it was not implemented until' 1956. Meanwhile, the Tea Plantation labourers in Assam launched an agitation demanding that the Plantation Labourers Act be implemented. The agitation went on, in which about 50 labourers lost their lives. Only then the Government came forward to implement the Act. Yet the labourers could not get the benefits of the Act because, there were practical difficulties in implementing the Act. Therefore, in 1973, an amending Bill was introduced in Parliament. Because of the importance of the Bill wanting serious deliberations it was referred to a joint Select Committee of both the Houses of Parliament. But the Bill came back from the Select Committee for consideration by Parliament only in 1981, after a full 7 years. I am compelled to refer to the background only to highlight the nature of obstacles coming in the way of implementing the Act.

Sir, unfortunately the State Governments did not implement the Act in the way it should have been. That is why, as one having soft corner for the labourers, our Hon'ble Minister has brought in a welcome Bill. This amending Bill has provisions for providing residential accommodation and hospital facilities to the workers and their families. The living conditions of the Plantation labourers is really pathetic. Be it in Assam, Kashmir, Kerala, Tamilnadu or any part of the country, these unfortunate people live in misery. The Bill says that a plantation owner havnig 5 hactares of garden era-ploying 15 workers will fall under the purview of this Act. But I wish to point out as to how the plantation owners will escape the hands of law. For example, in Kerala the plantation owners divide their estates into small measures of 2 hectares or so and register it in the names of relatives. This is how they remain' outside the purview of law. As a result, the workers loose their concessions and privileges. I request the Hon'ble Minister to ponder over this and take some effective steps. By common sense. If someone has even two hectares of plantation, be it tea coffee, cardamom or rubber, he needs to employ atleast 15 workers in the garden. But if he! claims to employ less number of workers it is- untrue.

We have to see to believe the kind of life they lead. Away from the estates, they live in jungles without even basic amenities. They have to walk over 6 Kilometres to the place of work. Now the Bill speaks of providing them accommodation close to the place of work within the precincts of the plantations. But this provision should not go unimplemented 1ike other provisions of the original Act. While the original Act provided for 12 hours of work each day this amending Bill speaks of $10^{1}/_{2}$ hours of work. Then on the other hand, the Minister speaks of only 8 hours of work per day. I am at a loss to understand the contradiction I request the minister to clarify this point.

Sir, discrimination amongst workers is a matter of serious concern. We have no icason to underrate the plantation workers as aaginst the industrial workers. We just can't justify such discrimination. Indeed, working in the gardens requires a great skill. It is not easy to pluck tea leaves unless one is trained and has the skill. I had an opportunity to go to Assam and see how the labourers toil in the tea gardens there. They sweat out in scorching Sun to pluck the leaves and process it. The industrial workers have atleast some kind of a shed to work in. But the plantation workers have to bear the on-

*English translation of the original speech delivered in Tamil.

slaught of the vagaries of nature. Whether snake bites or scorpion stings, they have to do their work.

The workers of exploited in many ways. They do not get the wage actually mentioned against their names in the pay roll. Since they are illiterates, they affix-their thump impression at the place indicated by the owner or manager and take home a meagre salary. They don't even know how much is due to be paid to them. This apart, their children are also being exploited. I am happy that this Bill phohibits child labour in plantations. But unfortunately there is compelling situation in the families of 'labourers to send their children to work to earn their bread. We have to do something substantial to change this situation. We earn lot of foreign exchange by exporting tea, coffe, rubber and cardamom. But we foreget the welfare of the workers who toil in the fields to produce them. Estate owners earn crores of rupees through export. But the workers are not given even one percent of the total income as wage. That is why over 20 lakhs plantation labourers all over the country lead a miserable 'life to this day. Most of them live on hilly regions without even basic amenities. They have no potable water and medical facility at the place of work or residence. There is no educational facilities for their children. We have to gracefully admit that the situation is much the same in both public sector and private sector plantations. The public sector undertakings 5ike Tea Board and Coffee Board should come forward to implement the Act in total and thus set an example for the private sector to follow.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Mr. Minister, he has made a very important point regarding the public sector. If you do not follow, how can you compel others to follow? Please loo into it. And you have to reply to that. He has made a very serious point.

SHRI V. NARAYANSAMY; Mr. Vice-Chairman , Sir, most of the wor-kept as casual labourers only to deny them their rights. Stern action will have to be taken against this exploitation. Sir, these plantations have to be protected against the attacks of pests and the growth of weeds have to be curbed in order to have good yield. For this, pesticides and herbicides have to be sprayed regularly. But who does this risky job? It is the children of the workers in the age group of 15-18 who are asked to do this dangerous job. Those children do not even know the harmful effects of the pesticides and cannot protect themselves by taking adequate safety measures It is a matter of relief that child labour is banned in plantations through this Bill.

I have a point regarding compensation. There is a provision for compensation to workers in case they stand to loose their job for any reason. The Hon'ble Minister has said that an amount of Rs. 20,000 would be paid by the employer to the affected worker as compensation. But there is no mention of compensation in case of death of workers, I request the Hon'ble Minister to look into this matter. Since the minister has great concern for the workers. I appeal to him to take steps to register the union of plantation labourers. Then alone they will be able to fight for their rights.

It pains to note that the original Act has not been implemented for the last 30 years. Hon'ble Sangma and also the Deputy Minister have keen interest in improving the working and living conditions of the labourers. I have great hope that they will not leave any stone unturned to implement this Act.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI); Give chance *to* the minister to implement it. He has so much concern over the labour problems. Please give him a chance to impltment it.

SHRI V. NARAYANASAMY; That is why I am saying Mr. Sangma is taking keen interest in labour related issues. I raised it from that point of view.

I wish to emphasis just one point. The Honble Minister should take effective follow up action to implement this

[Shri V. Narayanasamy] Act. I am hopeful that he will do so in spite of the obstacles ahead. Thank you.

SHRIMATI KAMLA SINHA (Bihar): Sir, as I rise to speak on The Planta tions Labour (Amendment) Bill, 1992, I have a few points to make. I was going through the Statement of Objects and Reasons and also the propojsedl, Bill. Actually this Bill wants to amend .the Plantation Labour Act, 1951 which was enforced from 1954. In this Bill some new clauses and pro-vions for health and welfare are being included specifically after Chapter! 4, a whole new chapter 4A is being in cluded captioned as ' Provision as to safety". Under the amendment, the employer is required to guarantee some safety measures for the workers while they are handling, using storing and transporting insecticides, chemicals and other toxic substances. There are other provisions also as to who will give them training, how they will be trained, what has to be done about the use of toxic chemicals, etc.

Here, I would like to draw your attention to a few facts concerning the plantations. Both the Minister come from tea plantation area. I would confine myself to the tea plantations because I was born and brought up in my childhood in Assam, in a tea plantation area itself. As you know, the tea plantations employ a large number of workers. In fact, it is a labour-oriented industry. More than 10 lakh workers are employed in these plantations, as permanent and casual labour, in Assam, Arunachal Pradesh, Tripura West Bengal, some parts of Uttar Pradesh—Pithoragarh, Kumaon, etc.—the Kangra Valley in Himachal Pradesh and Nilgiries in the South. The total land area covered by these plantations is 4,21,140 hectares, with a total yield of 714.61 million kgs., in 1990.

Sir, as you know, tea is a mass consumption product. It is also an export product. It earns good foreign exchange for India. In these plantations, particularly, in the North and North-East, where three-fourth of the workforce is there and which accounts for seventy-five per cent of the total tea production in India they are all migrant labour. Most of the workers had gone there as indentured labour from the Chhotanagpur area of Bihar. I have seen with my own eyes the plight, the condition, in which they live. The original Act, the Plantations Labour Act of 1951, somewhat protec ted their rights. The existing labour law provisions have failed to protect them from exploitation. More than half the workforce consists of women and children, including adolescent boys and girls. Particularly, women are an exploited lot. They are also sexually exploited. A large number of workers are children below 14 years of age. The Child Labour (Abolition) Act does not consider the work in plantations as hazardous.

Sir, the employers do not .care about the safety and health of the workers. Medical facilities are inadequate. Even where there are hospitals, the facilities available there are inadequate. They suffer from lack of medicines. Doctors are not there. Nurses are not there. Really, nobody cares for the workers. The health and safety problems are being compounded by the growing use of agro-chemicals such as pesticides and herbicides.

The present amendment, as I said, contains safety provisions in regard to storage, handling and utilisation of agro-chemicals. We all know that after 1967, when almost half of India reeled under drought conditions, we had gone in a big way to increase food production. We launched the Green Revolution. This Green Revolution wave also touched the plantations. But after the Green Revolution and the 'Grow More' slogan, India has been importing agro-chemicals—pesticides and herbicides—in huge quantities. Sir, you know that developed nations have been dumping their obsolete and harmful agro-chemicals in the developing countries, includnig India. The quality of agro-chemicals, pesticides and herbicides, that they do not Use to

their own country, are dumped in these countries and we have seen their bad effects on our products. The International Labour Organisation for the last ten years has been advocating banning of hazardous agro-chemicals. They have also passed a convention in this regard. Although India is a signatory to almost all the ILO conventions, we have never implemented them fully. We are still using a huge amount of pesticides and herbicides in our agricultural activities, including tea plantations. The National Industrial Committee on Plantation Industry has also been discussing this issue, but they have not arrived at any positive conclusions so far.

Now, I congratulate Mr. Sangma as he has given some thought on this and he has brought forward this Bill. The tea gardens are scattered in large areas. Mostly spraying is done by hand. What do they do with the sprayer? They tie the portable chemicals-spraying machine on their backs and use their hands to spray. What happens? They go on spraying, with the result that the vibration caused by the machine affects their body system. Nobody bothers about that. There is one more thing. While spraying the medicines, the pesticides and agro-chemicals the management should supply them with adequate protective measures. For example, they must be supplied with gloves, masks, goggless gum boots and jackets which could cover their bodies, but it is not done anywhere. I have not seen anywhere, in any plantation, any management supplying these items to the workers who are spraying these toxic items. Our junior Minister is here. He also comes from a plantation area. I do not know whether he has seen it or not, but I have not seen it. Last January I was in Sri Lanka. I saw some of the very developed tea gardens, but there also these 'things are not being used. So, the tea garden owners do not bother for the health and safety of their workers.

There is one more point. After the primary spray, a second spray is done. Within a week or ten days of the second spray tea leaves are ready to be pluked. It takes seven to ten days for the tea plants to absorb the toxic medicine, but the owners, the empolyers, are in a hurry. They do not wait for such a long time. So what happens? Immediately after three to four days of spraying pluking starts. Plucking is mostly done by women, small boys and girls. They do the plucking and they get infected. They get various kinds of skin diseases. Also adverse effect has been seen on finished products. Toxic materials are found on the readymade tea which we consume, which we sell outside. Only in 1984-85 a few consignments returned by Germany and other countries. So, quality control is also not there. The quality control of the finished product is also not cared for by the owners, by the employers, of these gardens. Now, who will look after these things, who will monitor it?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Then, I think, we should stop taking tea.

SHRI V. NARAYANASAMY; If you go to the plantation area, you will forget it.

SHRIMATI KAMLA SINHA; We should go in for...

AN HON. MEMBER; Coffee!

SHRIMATI KAMLA SINHA;... Organic chemicals and natural manures rather than using herbicides and pesticides and toxic chemicals. They don't help us. They are also destroying our ecoicgical balance- and environmental balance. The natural insects which used to protect the plants are dead now. So, we need there new organic environment friendly chemicals.

What is happeni-g now? I told you, Sir, that women and adolescents in large numbers become victims of skin diseases and various other diseases and also pregnant women, in the early days of pregnancy and late, on also, become victims of these diseases and it has been found that even unborn children get infected. So, this is a very dangerous situation.

[Shrimati Kamla Sinha] Sir, I would like to draw your attention to a provision of the Bill in the same Chapter with regard to safety—clause 18A (3). It says, "The employer shall appoint, persons possessing the prescribed qualifications to supervise the use, handling, storage and transportation of insecticides, chemicals and toxic substances in the plantation." Now, who is going to monitor it? These are all private owners. We are going in for privatization, but plantation is already in the private sector. Hardly any Government-owned plantations are there. So, who is going to monitor it? Till now there has been no machinery to do it. As of today, plantation workers do not get proper drinking water; they do not have proper residential quarters. They do not live like human beings. They are still living like indentured labour, bonded labour. Only this morning the Minister was answering questions on bonded labour. If there is really any bonded labour, it is this plantation labour who are bonded labour. So the Minister will have to evolve a proper machinery to monitor all these things. And who will certify that certain persons are qualified to supervise and give training—managerial staff—for the workers. Who will do it? We know that these days, even at the highest level, the family rules supreme. So, in most of the cases the employer's family members are employed as managers, super-visors, etc., etc. So, who will ensure that the people who are being employed are reatly qualified persons and they are really doing their job? So, merely passing a Bill won't help,, We are passing many, Bills, we are enacting many welfare measures, but they are not being implemented properly. The most important part is proper implementation and that is not being done.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI); Now the last point.

SHRIMATI KAMLA SINHA; Okay, Sir, I will try to finish very soon.

Now, Sir, some penal provisions have been made here. I would like to draw your attention to clause 11 on page 6 of the Bill. Now, everywhere people are working for eight hours a day. Here in this Bill, in clause 11 (a) it is stated, "for the words 'twelve hours', the words 'ten and a half hours' shall be substituted."

4.00 P.M.

What is this nonsense? I would like Mr. Sangma to clarify it. Are the plantation workers working for 12 hours a day? Is it not a violation of all our laws? They should be working for 8 hours a day. Then the Bill says;

"... "ten and a half hours" shall be substituted;" I would request the Minister to amend it and write "eight hours a day", not' "ten-and-a-half-hours a day"

In another clause, clause No. 21, the penal provision is;

> "six months or with fine which may extend to ten thousand rupees..."

instead of "six months" if you really want to punish violators of this law, then, it should be very very strict and stringent. So, this punishment should be for one year, not for six months.

Then, there is child labour- I have an apprehension, Sir, This Bill wants that no women and cliildren should be employed between 7 P.M. and 6 A.M. Chapter V says;

> "Except with the permission of the State Government, no woman or child worker shall be employed in any plantation otherwise than between the hours of 6 A.M. and 7 P.M."

No women works after sunset. As far as I know, plucking goes on during day—time, during the period of sun light. So, this provision has some black meaning behind it. I have a feeling that you want to retrench women workers and child labourers. The Child Labour Abolition Act provides that no child under 14 should work, but, then, as far as plantation goes, it has been, thought that it is really not,

a hazardous work and that child labour can be employed in plantations. This Bill says that adolescent can work. That means one over 14 years of age.

This is section 22. I have a feeling that women workers are going to be retrenched. On many pretexts, on the pretext of hazardous work, from various fields, textiles, coal, mining, women have been elbowed out. Their number has gone down. This is only one sector where 50 per cent of the workers are women. So, I would like to have an assurance from the Minister on the floor of this House.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Mr. Minister, she wants some assurance.

SHRIMATI KAMLA SINHA; Mr. Minister, I am drawing your attention to this, and I would like to have an assurance from you on the floor of this House that no women would be retrenched because of passing of this Bill.

Another thing I would like to say is, Sir, that it is very good that we are passing this Bill, but these workers, as I said, are all indentured workers. They have been taken from various parts of the country. Especially in the North-East they have gone from Bihar and Chhota Nagpur plateau. These people have not been amalgamated into the look society. No local legislation, no panchayat provision covers them.. They get no benefit of local legislations or other measures that have been implemented in this country for employment better facilities of life, the IRDP, the NREP, TRYSEM etc etc. Unemployment is also growing among the plantation workers. Among the plantation workers, the young generation is coming up, and the garden employers cannot absorb them. They cannot find jobs there. So, new jobs have to be •created for them. For that, new evenues will have to be created for them, If they are absorbed in the schemes of the IRDP, the NREP, and the TRYSEM etc., some employment will ne created,

So, I would like the Minister to take these points into account and do something about them. Otherwise, it is good to pass a good Bill, but, as I said without proper implementation this will become another piece of academic exercise, and it will be good *to* have it in the library. Thank you.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, बागान श्रम संशोधन विधेयक, 1992 का समर्थन करने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं। उपसभाध्यक्ष महोदय, जब से हमारी संस्कृति शुरू हुई है, तब से हम कहीं न कहीं कृषि समाज से जुड़े हुए हैं और जब से हमारे खानपान में परिवर्तन हुआ है तब से शायद हम लोग चाय के साथ भी जुड़े हुए हैं। यह बागान श्रम संशोधन विधेयक जो है, इसमें सबसे ज्यादा इन्वाल्वमेंट चाय बागान लेबरों का है। करीब 8 लाख 22 हजार से ज्यादा लोग चाय बागान वरकर्स इसमें इन्वाल्व हैं। महोदय, मेरे बचपन का कुछ वक्त असम में गुजरा है और मुझे इन्हें देखने का मौका मिला है और मैं समझता हूं कि चाय बागानों के मजदूरों की जो प्राब्लम है, ऐसा इत्तफाक है कि जो मंत्री महोदय चाय बागान संशोधन विधेयक ला रहे हैं, ये खुद उस इलाके के हैं। इन्होंने वहां की मुसीबतें झेली हैं और वहां की मुसीबतों को झेलते हुए ये बड़े हुए हैं और उन्हीं चाय बागानों में फले फूले हैं। मैं श्रीमती सिन्हा से एग्री नहीं करता, जैसा कि उन्होंने कहा कि हजारीबाग और छोटा नागपुर इलाके के लोग वहां जाकर मिक्सअप नहीं हो सके हैं। मैं जहां तक श्री पवन सिंह घटोवर को जानता हूं, इनका परिवार 150 साल पहले असम गया था और चाय बागानों में ही काम करने के लिए गया था। आज वे वहां से लोकसभा में निर्वाचित होकर आये हैं और इस देश के मंत्री बने हुए हैं।

श्रीमती कमला सिन्हा : कितने ऐसे मंत्री बने हैं ? इनके अतिरिक्त और उदाहरण बता दीजिए।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : चाय बागानों से जितने भी एम.एल.ए. हैं वे सब बिहार के हैं ?

श्रीमती कमला सिन्हा : कौन हैं जरा बताइये ?

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : 15 एम.एल.ए. और 5 मिनिस्टर हैं असम में जो बिहार के इलाके से वहां गये हुए हैं और चाय बागानों वाले इलाके में रहते हैं।

श्रीमती कमला सिन्हा : कहां के लोग हैं ?

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : उड़ीसा से हैं, छोटा नागपुर इलाके से हैं।

श्रीमती कमला सिन्हा : जिनको राजनीतिक संरक्षण मिल गया वे ऊपर हो गये। बाकी लोगों का क्या हुआ ?

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : आपने जो कहा मैंने उसका जवाब दिया।

श्रीमती कमला सिन्हा : आपका जवाब सही नहीं है।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : वहां पर वे मिक्सअप हुए हैं। वहां पर कोई विभेद नहीं है, कि असमी है या देशवाली है। वहां की पापुलेशन के साथ वह मिक्सअप हो गये हैं, वहां समा गये हैं और वे अपने आपको असम का असमी समझते हैं और वहां काम करते हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, जहां तक प्राबलम का सवाल आता है तो क्योंकि बागानों में और ऐसे खेतों में प्लांटेशन में शुरू से ही कुछ न कुछ खामियां रहती रही हैं और जो स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास को जानते हैं या ब्रिटिश साम्राज्यवाद के अत्याचारों को जानते हैं, उनको पता है कि इंडिगो प्लांटेशन, जो हमारी कन्ट्री में नील की खेती होती थी, वे मैनचेस्टर में अपने कपड़ों को ब्लीच करने के लिए, या कपड़ों को रंगने के लिए नील की खेती भारत में कराते थे, और इसकी खेती भारत में होती थी और जिसका ज्यादा भाग बिहार और अविभाजित बंगाल में हुआ करता था। उस नील के खेती के कारण वहां की जमीन खराब हो जाती थी और वहां के मजदूरों पर बड़े बड़े अत्याचार होते थे। उस वक्त भी उस नील की खेती के लिये पेस्टीसाइड और इन्सेक्टीसाइड का यूज़ किया जाता था। उससे भी मजदूर ग्रसित होते थे और इसके कारण चम्पारन में महत्वपूर्ण आंदोलन हुआ। चम्पारन का जो महत्वपूर्ण आन्दोलन है उसके पीछे भी यही एक कारण था। 8 घंटे में से 6 घंटे उनको नील की खेती में काम करना पड़ता था और दो घंटे धान की खेती में काम करने का मौका मिलता था। यह शोषण और अत्याचार ब्रिटिश साम्राज्यवाद ने सिखाया था। ब्रिटिश साम्राज्यवाद तो इस देश से चला गया मानचेस्टर के कारखाने गांधी जी के खादी आन्दोलन के बाद बंद हो गये। आज मानचेस्टर देखने में भूत बंगला लगता है, जहां पर बड़ी बड़ी टेक्सटाइल की मिलें थीं, आज किस तरह से जंकयार्ड बन कर पड़ी हुई हैं। पर जाते जाते वह कुछ साहबनुमा चाय बागान के मालिकों को छोड़ गये। चाय का उत्पादन करने के लिए यह जरूरी होता है कि कीड़ों, मकोड़ों और दूसरी टिड्डियों से बचाने के लिए उस पर इनसेक्टीसाइड्स और पेस्टीसाइड्स का छिड़काव करना पड़ता है। इसका असर इनवायर्नमेंट पर भी पड़ता है और उस इलाके पर भी पड़ता है। जो आदमी वहां काम करता है, उस पर तो बहुत जोरों से असर पड़ता है। उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे बड़ा आश्चर्य होता है कि बिल तो आप लाए, इस बात को समझ कर लाए। मेरा कहना यह है कि अगर दिल्ली में भी किसी आदमी को पेस्टीसाइड या इनसेक्टीसाइड का असर हो जाए और वह मूर्छित हो जाए या इसका असर उसके खून में चला जाए या वह इनहेल कर ले या स्वेलो कर ले तो उसके लिए एंटीडोट मेडिसन कभी कभी दिल्ली में भी उपलब्ध नहीं होती है क्योंकि यह जापान, कोरिया, जर्मनी से आती है। जब दिल्ली में भी उपलब्ध नहीं है तो दूरदराज के चाय बागानों में या काफी के बागानों में या रबड़ के मैदानों में कैसे मिलेगी ? इसके लिए क्या प्रावधान

है ? सरकार कैसे उनको मेडिसन दिलवायेगी, यह भी सोचने की बात है। आपके पास अस्पताल और ऐसे ट्रेंड आदमी जो सिर्फ इसी चीज में डील करते है, टोक्सीकोलोजी साइंटिस्ट हैं, वह कितने हैं ? टोक्सिक कंडीशन से अफेक्टेड जो लोग हैं, उनको ठीक करने के लिए उनके पास सारे उपकरण उपलब्ध हों और इनको दूरदराज के चाय बागानों तथा काफी बागानों में उपलब्ध कराने के लिए क्या प्रावधान है तथा उसको मोनिटर करने के लिए सेंट्रल गवर्नमेंट क्या करने जा रही है ? आपने अब तक कम्पनसेशन का कोई प्रावधान नहीं रखा। अगर कोई मजदूर इनहेल कर लेटा है तो आपका सीधा सा बड़ा सरल जवाब आएगा कि जनरल वर्कमेंस कम्पनसेशन एक्ट के तहत उस को मुआवजा दिया जाएगा। मैं मानता हूं, ठीक है, जनरल वर्कमेंस कम्पनसेशन एक्ट आपने बना रखा है किन्तु उसके लिए जहां नार्मल कंडीशंस हैं या जहां पर एक्सीडेंट की सम्भावना नहीं है, कहीं हड्डी टूटने की सम्भावना नहीं है, कहीं लंग्ज खराब होने की सम्भावना नहीं है, कहीं हार्ट पर असर पड़ने की सम्भावना नहीं है, आंख, नाक कान खराब होने की सम्भावना नहीं है, उसको भी वही कम्पनसेशन और जहां खराब होने की सम्भावना है वहां भी वही कम्पनसेशन ! यह कैसा कानून है ? एक ऐसे माहौल में आप मजदूर को काम करा रहे हैं जहां वह जानता है कि यह खतरा है। शराब की बोतल पर लिख देते हैं कि यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है लेकिन जो पी रहा है वह जानता है कि यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। सिगरेट पर लिख देते हैं कि यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है लेकिन वह जानता है कि यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। क्या आप चाय बागान में नौकरी के लिए यह लिखेंगे कि यहां काम करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, डोंट टेक दिस सर्विस। आप क्या करने जा रहे हैं ? आप इनके लिए अलग कम्पनसेशन एक्ट का प्रावधान रखें और उसके तहत कम्पनसेशन देने का बन्दोबस्त करें नहीं तो आपके इन टी प्लांटेशन, कोको प्लांटेशन रबड़ प्लांटेशन या काफ़ी प्लांटेशन में और ब्रिटिश इंडिगो प्लांटेशन प्रोग्राम में क्या फर्क रह गया ? 1951 में आपने यह एक्ट बनाया और समय समय पर इसमें संशोधन किये लेकिन आज तक इसके बारे में नहीं सोचा। हम अगले कुछ दिन बाद पाल गैस लीक पर एक बिल लाने जा रहे हैं। यह गैस कैसे लीक हुई ? यह क्या बनाते थे ? यह यही पेस्टीसाइड्स और इनसेक्टीसाइड्स बनाते थे या केमिकल्ज बनाते थे जो इन चीजों में काम आते हैं। हमारी आंखों के सामने ऐसी घटनायें घटी है जो लोग भोग रहे हैं। और इसका असर एक दिन दो दिन का नहीं होता, यह कोई मच्छर का काटना नहीं है कि मलेरिया हो गया और क्लोरोक्विन खा ली तथा छः दिन के बाद बुखार उतर गया। एक बार अगर आदमी पेस्टिसाइड्स इन्सेक्टिसाइट्स की स्मेल को इन्हेल कर ले तो उसका असर एक साल दो साल बाद भी आ सकता है। आपकी आंख खराब हो जाए, आपका सुनना कम हो जाए। आपका एक हाथ काम करना कम कर दे। ये असर हो सकते हैं। वैसी अवस्था आने पर क्या कम्पेनसेशन जज करेंगे, आप यह सोचिए। इतना ही नहीं, आपने देखा होगा 1960 में नार्थ बंगाल में जो नक्सलवादियों का आंदोलन हुआ, उसके पीछे यही शोषण था। नक्सलवादियों का आंदोलन नक्सलबाड़ी के इलाके से जब हुआ तो वहां के जो चाय बागान के इलाके थे वहां से इनका असली आंदोलन शुरू हुआ क्योंकि उन्होंने खा कि ये शोषक समाज के लोग जो चाय बागान के मालिक बैठे हुए हैं ये किस तरह से उन पर अत्याचार कर रहे हैं, किस तरह से उनकी सुविधाओं को उपलब्ध न करा कर, उनसे वंचित रखकर उनका शोषण कर रहे हैं, किस तरह से चाय को एक्सपोर्ट करके तरह-तरह से अपना लाभ कर रहे हैं तथा इनका शोषण कर रहे हैं। उसके लिए आवाज उठाने के लिए उनको तैयार किया। वे एक सशस्त्र विप्लव के नाम पर खड़े हो गये। उसी तरह से खड़े हुए जिस तरह से चम्पारन में इंडिगो प्लांटेशन के खिलाफ हमारे बिहार के लोग खड़े हुए थे और गांधी जी की आवाज पर आंदोलन शुरू हुआ था। मेरे कहने का मतलब है कि ऐसा मौका क्यों मिले

[श्री सुरेन्द्र जीत सिंह अहलुवालिया]

कि लोगों को शोषित करने का मौका आए। अभी तक, अंग्रेजों के जाने के बाद ये जो मिल मालिक, चाय बागान के मालिक बैठे हुए हैं या काफ़ी बागानों के मालिक बैठे हुए हैं ये इस तरह से नाजायज फ़ायदा उठा रहे हैं।

इस बिल में सिर्फ प्लांटेशन की बात है। किंतु प्लांटेशन के साथ-साथ मैं जहां तक जानता हूं, चाय, काफ़ी, कोकोआ, और रबड़, इनके बागानों के साथ-साथ इनकी प्रोसेसिंग यूनिट्स भी होती हैं अगर इनकी प्रोसेसिंग यूनिट्स को देखा जाए तो इनमें भी तरह तरह के प्रोसेस ऐसे है जिनका इफेक्ट ह्यूमन बाडी पर, ह्यूमन लाइफ पर पड़ता है। उससे प्रोटेक्शन के लिए इस बिल में कोई प्रावधान नहीं है। उसके बारे में मंत्री महोदय क्या कहना चाहेंगे। मैं चाहूंगा कि मंत्री महोदय कम से कम इतना क्लियर कर दें और हम लोगों को बतायें... (**व्यवधान**)

Sir, can I have your attention, please?

इन्होंने कोई टाइम बाउड प्रोग्राम नहीं बताया है। मैं इतना जानना चाहूंगा कि कितने दिनों के अन्दर इस तरह का इलाज करने के लिये अस्पताल लग जायेंगे या कितने दिनों के अन्दर जैसे लोगों का इलाज करने के लिये या वेल्फेयर के लिये वहां पर आदमी बहाल कर दिये जायेंगे और उनका टेन्योर क्या रहेगा। इन सबका प्रावधान आपने अब तक नहीं बताया और कब तक करेंगे ? यह तो कह देंगे कि हमने बिल पास कर दिया, प्रेजीडेंट का असेंट हो गया और लागू हो गया। लागू तो हुआ लेकिन वहां इंप्लीमेंट हुआ कि नहीं हुआ, क्योंकि चाय बागानों के मालिकों के पास अभी तक इतना पैसा है कि ये लोगों की हथेलियों को गर्म कर सकते हैं और जो संदेह सब. सदस्यों को है वह संदेह मेरे को भी हैं कि यह कानून शायद हथेलियों पर गर्मी चढ़ने के बाद लागू नहीं हो। मंत्री महोदय चूंकि उस इलाके के हैं और उस समाज से आते हैं तो अपने साथियों और अपने भाईयों पर पूरी कृपा करने के लिये, इसको कैसे इंप्लीमेंट किया जाय, उसका बन्दोबस्त करें तथा एक टाइम बाउंड प्रोग्राम बनाकर इसको लांच करें। धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देशाई) : अभी जब बताया इसके बारे में, मुझे याद है कि मैं करीब 10–12 साल का होउंगा, गुजरात में एक पुस्तक थी उसका नाम था, चाय यानी मजदूर का लहू।

I read that book. After reading that, even though I was a boy of about 10 years of age, I was very sorry about the kind of exploitation that was going on in tea gardens. Because of such exploitations only, Members speak on these lines.

SHRI SUNIL. BASU RAY <West Bengal); Sir, I find that this Bill came up for consideration after a news-item that we read in the newspapers that Indian tea fetched a price of Rs. 10,0011-in the international auction market some time back. It shows the rate of profitability that is there in.this industry, in the plantation, industry, particularly tea, and the rate of explotation that is there at the cost of the workers. So we! must stand unitedly to fight against all the problems, against all the practices that lead to further exploitation of the workers in work and out of work-both ways.

